2. जे. एन. मैडिकल कालेज एवं अस्पताल, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ ।

3. कमला नेहरु मिमोरियल अस्पताल, इलाहाबाद ।

4. हनुमान प्रसाद पोद्दार कैंसर अस्पताल, गोरखपुर ।

5. जे. के. कैंसर संस्थान, कानपुर ।

6. के. जी. मैडिकल कालेज एवं अस्पताल, लखनऊ ।

7. आयुर्विज्ञान संस्थान, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

8. भारतीय रेलवे कैंसर संस्थान और अनुसंधान केन्द्र, वाराणसी ।

उपलब्ध सुविधाओं का पूरी तरह से उपयोग किया जा रहा है ।

(घ) ऐसे संस्थानों के जो रेडियोथेरेपी सुविधा स्थापित करना चाहते है, भारत सरकार द्वारा स्थापित की गई टेलियेरेपी एककों संबंधी स्थायी समिति को क्लिअरेंस के लिये आवेदन करना होगा और यह समिति केवल तभी क्लिअरेंस देती हैं, जब उस संस्थान के पास रेडियोथेरेपी विभाग को चलाने के लिये आवश्यक कर्मचारी हों । केन्सर नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत, भारत सरकार कोबाल्ट थेरेपी की सुविधायें स्थापित करने के लिये संस्थानों को 12.00 लाख रूपये की वित्तीय सहायता देती है । देश में सभी मान्यता-प्राप्त सरकारी मैडिकल कालेजों में कोबाल्ट थेरेपी सुविधाओं को चरणवार ढंग से स्थापित करने का विचार है ।

**रक्षा अनुसंधान पर व्यय**

428. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में अनुसंधान पर होने वाले व्यय का एक तिहाई भाग केवल सैनिक अनुसंधान पर खर्च होता है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान सैनिक अनुसंधान पर किए व्यय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) इस व्यय में सम्मिलित विभिन्न अनुसंधान/शोध कार्य के विषय व अन्य विवरण क्या हैं और क्या इस अनुसंधान कार्य से होने वाले लाभों की जानकारी देशवासियों को दी गई है और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

(घ) चालू वर्ष में इस अनुसंधान कार्य में कितने नए वैज्ञानिकों को सम्मिलित किया गया है तथा पिछले वर्ष की तुलना में उनकी संख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है ; और

(ङ) प्रति वर्ष कितने वैज्ञानिक इन कार्यों में लगाए जा रहे हैं और क्या यह सच है कि पाकिस्तान की तुलना में इन वैज्ञानिकों की प्रतिशत अत्यन्त कम है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

**रक्षा मंत्रालय में रक्षा उत्पादन और पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री चिंतामणि पाणिग्रही)** : (क) रक्षा अनुसंधान तथा विकास से संबंधित खर्च रक्षा व्यय का ही एक भाग है । अतः यह खर्च सिविल क्षेत्र में किए गए अनुसंधान तथा विकास संबंधी कुल खर्च के अन्तर्गत नहीं आता है ।

(ख) पिछले तीन वर्षों में रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन पर किए गए खर्च का वर्ष वार ब्यौरा इस प्रकार है :—

(करोड़ रुपयों में)

| वर्ष | रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन पर किया गया खर्च |
|---|---|
| 1985-86 | 315.00 |
| 1986-87 | 431.00 |
| 1987-88 | 549.39 |

(ग) रक्षा अनुसंधान तथा विकास से संबंधित अनुसंधान कार्य के क्षेत्रों में आयुध, इलेक्ट्रानिकी तथा उपकरण, इंजीनियरी, युद्धक वाहन, राकेट और मिसाइल, वैमानिकी, नौसैनिक अनुसंधान तथा विकास, सामग्री, भेषजन एवं प्राणिविज्ञान, व्यवहारिक विज्ञान, प्रणाली विश्लेषण तथा कम्प्यूटर विज्ञान संबंधित वैज्ञानिक शाखाएं शामिल हैं । इस विभाग के कार्यकलाप सुचारू रूप से किए जाते है ताकि राष्ट्र महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर सके और साथ ही सेनाओं की संक्रियात्मक जरूरतों को भी पूरा किया जा सके । अनुसंधान कार्यों का स्वरूप संवेदनशील होने के कारण, प्रसंगोत्ति विषयों को छोड़कर, इनके परिणाम प्रकाशित नहीं किए जाते हैं । इसके अतिरिक्त, सामग्री, खाद्य-प्रौद्योगिकी, जल-परिष्करण, उच्चतुगता कृषि एवं पशुपालन, हिमस्खलन चेतावनी, विकिरण चिकित्सा, अनात्रामक प्रतिबिंबन, इलेक्ट्रानिकी तथा वाहनों के परीक्षण के लिए प्रमाणन पथ से संबंधित सिवल क्षेत्रों में रक्षा अनुसंधान तथा विकास से संबंधित कतिपय अनुसंधान-कार्यों के परिणामों को लागू करना उपयोगी पाया गया है ।

(घ) चालू वर्ष के दौरान 01 नवम्बर, 1988 तक रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन में नए भर्ती किए गए 330 वैज्ञानिकों/इंजीनियरो ने कार्यभार ग्रहण किया है । पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भर्ती किए जाने वाले वैज्ञानिकों की संख्या में लगभग 20% की वृद्धि होने की आशा है ।

(ङ) पिछले तीन वर्षों में अनुसंधान कार्य में लगाए गए वैज्ञानिकों/इंजीनियरों की संख्या इस प्रकार है :—

| | |
|---|---|
| दिसम्बर, '85 की स्थिति के अनुसार . . . | 4862 |
| दिसम्बर '86 की स्थिति के अनुसार . . . | 5113 |
| दिसम्बर '87 की स्थिति के अनुसार . . . | 5405 |

इस संबंध में पाकिस्तानी वैज्ञानिकों/इंजीनियरों से संबंधित आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं ।

**Harmful effect of Pesticides**

429. SHRI SHIV PRATAP MISHRA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) Whether Government *avi* aware that pesticides harm human immunisation system and ^heie is danger of spreading of Chemically Acquired Immune Deficiency Disease (CAID) in the country; and

*(b)* if so, t[r]ne steps Government are taking to check the spread of this dis-

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI MOTI LAL VORA): (a) and (b) No conclusive evidence has come to the notice of the Gove-nment ,that pesticides harm human immunisation system.-

**discarded Hi-techimlogy**

430. SHRI SHIV PRATAP MISHRA: Will the Minister of PLANNING be pleas ed to state:

(a) whether Shri Abid Hussain. Member, Planning Commission- has recently cautioned against Indian becoming a dumping ground of discarded hi-technology;

(b) if so. the details of the statement; and

(c) the action Governrnent propose to take in this regard?

THE MINISTER OF PLANNING AND THE MINISTER OF PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI MADHAVSINH SOLANKI): (a) to fc) At various forums,